


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 30 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 113 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# बंगाल में गरजे शाह

## टीएमसी सरकार की गिनायीं ख़ामियां, ममता बनर्जी पर साधा निशाना





● तीन दिवसीय बंगाल दौरे पर गृहमंत्री अमित शाह ने प्रेसवार्ता में आजमाए तरकश के तीर

● कहा-15 साल के शासन में भय भ्रष्टाचार और कुशासन का बोलबाला जनता भयभीत और आशंकित

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। वह तीन दिवसीय कोलकाता दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने ममता सरकार पर निशाना साधा है। इसके साथ ही बंगाल की जनता से बहुमत की मांग भी की है। उन्होंने कहा, 'अप्रैल में बंगाल में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ की जगह विकास, विरासत और गरीब कल्याण की एक मजबूत सरकार बनाने का बंगाल की जनता का संकल्प दिखाई पड़ता है। आज 30 दिसंबर का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है।' अमित शाह ने कहा, 'आज ही के दिन 1943 में बंगाल की भूमि के सुपुत्र, देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में पहली बार आजाद भारत का झंडा फहराया था। एक प्रकार से यह हमारी आजादी के संग्राम का एक महत्वपूर्ण मुकाम था। दशकों बाद जब हम आज को देखते हैं, तो बंगाल के लिए 30 दिसंबर से लेकर अप्रैल तक का समय महत्वपूर्ण है। टीएमसी के 15 साल के शासन में भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विशेषकर घुसपैठ से बंगाल की जनता भयभीत भी है, आशंकित भी है।' शाह ने आगे कहा, 'हम बंगाल की जनता को आश्वासन भी देना चाहते हैं और वादा भी करते हैं कि मोदी जी के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को पुनर्जीवित करेंगे, विकास की गंगा फिर से तेज गति से बहेगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देंगे। 14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है। 15 अप्रैल, 2026 के बाद जब बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, तब बंग गौरव, बंग संस्कृति और उसके पुनर्जागरण की हम शुरुआत करेंगे।'

### शकुनि का चेला जानकारी लेने आया

● चुनाव आते ही दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं-ममता


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी जुटाने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं। आज बीजेपी कह रही है कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी, तो फिर पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी? बांकुरा में आयोजित कार्यक्रम में ममता ने कहा-बीजेपी कहती है कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है तो क्या पहलगाम में हमला आपने कराया था? दिल्ली में जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? बीजेपी SIR के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। ममता का ये बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर आया है। पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। अगर राज्य में भाजपा सरकार बनी तो यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। दरअसल, शाह बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यहां पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना लगभग तय है।

### 118 फ्लाइट्स कैंसिल और 16 को किया डायवर्ट, एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** देशभर में पड़ रही कड़ाके की सर्दी के बीच कोहरे ने भी लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है। मंगलवार को भी दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे यायायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली एअरपोर्ट पर सुबह से अभी तक 60 आने वाली फ्लाइट्स, 58 जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल और 16 के रास्ते बदलने की खबर है। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने मंगलवार सुबह 7 बजे पैसेंजर एडवाइजरी जारी की, जिसमें कहा गया कि शहर में पहले घना कोहरा छाया हुआ था, लेकिन विजिबिलिटी में सुधार के बाद फ्लाइट ऑपरेशन आसानी से चल रहे हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि यात्रियों की मदद करने और जरूरी सपोर्ट देने के लिए सभी टर्मिनल पर अधिकारी मौजूद हैं।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का 80 वर्ष की आयु में निधन



**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति में एक ऐतिहासिक युग का अंत हो गया है। संघर्ष, सत्ता, साहस और जिद की प्रतीक रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि बीएनपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए की। पार्टी ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली। खालिदा जिया का निधन केवल एक नेता के जाने की खबर नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश की राजनीति के उस दौर का पटाक्षेप है, जिसमें सत्ता दो ध्रुवों खालिदा जिया और शेख हसीना के इर्द-गिर्द घूमती रही। दशकों तक देश की राजनीति इन्हीं दो नामों के बीच संघर्ष, टकराव और सत्ता परिवर्तन की कहानी कहती रही।

### खाई में गिरी बस, सात यात्रियों की मौत

**भिकियासैंण (अल्मोड़ा)।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विनायक के पास सैलापानी के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक सात यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना हुई बस रामनगर के कुमाऊं मोटर ऑनर्स यूनियन (केएमओयू) लिमिटेड संस्था की बस संख्या यूके 07 PA 4025 थी। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे द्वाराहाट नोबाड़ा के लिए चली थी। आज सुबह बस साढ़े छह बजे नोबाड़ा से चली थी। करीब आठ बजे बस सैलापानी बैंड के समीप दुर्घटना हो गई। चालक परिचालक ठीक है। बस रामनगर के मोहम्मद अल्ताफ की है।

### गाजीपुर का तिहरा हत्याकांड : छह दिन बाद मिली अंकित की लाश

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के गहमर के खेलूराय पट्टी में तिहरे हत्याकांड में लापता अंकित सिंह का शव छठवें दिन मंगलवार की सुबह पोखरे से मिला। पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अंकित के सिर पर गहरे चोट के निशान थे। शव देखकर मां नीलम देवी और घर की अन्य महिलाएं रोने-बिलखने लगीं। बीते 24 दिसंबर की रात में बर्थडे पार्टी से बाइक से घर वापस जा रहे खेमनराय पट्टी के विक्की सिंह, बाबूराय पट्टी निवासी सौरभ सिंह और गोपाल राय पट्टी निवासी अंकित सिंह की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। तीनों शवों को खेलूराय पट्टी स्थित पोखरे में फेंक दिया गया था। पोखरे से विक्की और सौरभ का शव तो 25 दिसंबर को मिल गया था, जबकि अंकित सिंह का शव छठवें दिन पोखरे से मिला।

### प्रियंका के बेटे रेहान ने अवीवा बेग से की सगाई




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी लंबे समय से प्रेमिका रहीं अवीवा बेग से सगाई कर ली है। सूत्रों ने बताया है कि 25 वर्षीय रेहान वाड्रा ने हाल ही में अपनी सात साल पुरानी प्रेमिका अवीवा बेग को शादी का प्रस्ताव दिया और उन्होंने हां कह दी। बताया जा रहा है कि सगाई को दोनों परिवारों की मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों ने बताया कि अवीवा बेग और उनका परिवार दिल्ली में रहता है। सूत्रों के अनुसार, दोनों परिवार आपस में घनिष्ठ हैं। रेहान (25) अपने परिवार की राजनीतिक विरासत से अलग हटकर अपना रास्ता खुद बना रहे हैं। 29 अगस्त, 2000 को जन्मे रायहान ने बचपन से ही कला और फोटोग्राफी में गहरी रुचि दिखाई है। हालांकि वे सार्वजनिक रूप से कम ही दिखाई देते हैं।

### चांदी की कीमत गिरी सोने का भाव भी उतरा



**नई दिल्ली।** आज यानी मंगलवार, 30 दिसंबर को सोने-चांदी के दाम में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,119 रुपए गिरकर 1,34,362 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,481 रुपए/10g पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,973 रुपए गिर गई है। आज ये 2,31,467 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है। कल चांदी के दाम में बड़ा उतार-चढ़ाव रहा। शुरुआती कारोबार में ये 2,43,483 किलो पर पहुंच गई थी। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आई और ये 7,333 रुपए नीचे 2,35,440 रुपए पर बंद हुई। इस साल अब तक सोने की कीमत 58,200 रुपए (76%) बढ़ी है।





### मोदी से मिले कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बंगभाषियों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बंगाली बोलने वाले लोगों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने प्रधानमंत्री से ऐसे हमलों को रोकने में मदद करने के लिए दखल देने की अपील की, उन्होंने कहा कि इससे राज्य में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा हो सकती है। चौधरी ने कहा, 'उनका इकलौता अपराध यह है कि वे बंगाली भाषा बोलते हैं, जिसे संबंधित प्रशासन अक्सर पड़ोसी बांग्लादेश के लोगों के रूप में गलत समझता है और उन्हें घुसपैठिया माना जाता है।' अधीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी ज़्यादा है और वे बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं और देश के अन्य हिस्सों में ऐसे हमलों के कारण इन इलाकों में समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है।

## गरीबी से जूझ रहे बुजुर्ग ने मौत को लगाया गले

### जहर खाकर दी जान, बिटिया की हालत भी गंभीर

● बेटे की छूट गयी है नौकरी, पत्नी का टूटा है कूल्हा



**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के महेश नगर कालोनी के रहने वाले बृजेश त्रिपाठी (75 वर्ष) और उनकी तलाकशुदा बेटी लता (42 वर्ष) ने सोमवार की देर रात कीटनाशक पदार्थ खा लिया जिसके बाद बुजुर्ग बृजेश त्रिपाठी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि बेटी जिंदगी और मौत के बीच फोर्ड अस्पताल में जूझ रही है। प्रथम दृष्टया मामला आर्थिक तंगी से जुड़ा है। मृतक बृजेश त्रिपाठी मूलरूप से देवरिया लार रोड के रहने वाले थे लेकिन करीब 40 वर्षों से यहीं रहकर डाक विभाग से रिटायर हुए थे । इसके बाद पूजा पाठ भी कराते थे। इनकी दो बेटियां और दो बेटे में एक बेटे की पहले मौत हो चुकी थी। दो बेटियों में बड़ी बेटी का 1014 में शादी हुआ लेकिन 2016 में तलाक के बाद 10 वर्ष से पिता के साथ ही रहती थी। छोटी बेटी शादी के बाद उमरगांव गुजरात में रहकर नौकरी करती है। मृतक का बेटा आनंद त्रिपाठी साथ रहता है लेकिन नौकरी छूट जाने के कारण घर बैठा है। सप्ताह भर पहले मृतक की पत्नी कालिंदी घर में गिर गईं जिसके कारण कूल्हा टूट गया। मां के ऑपरेशन की सूचना पर छोटी बेटी प्रिया अपने पति के साथ देखने आई थी। पिता ने घर की समस्या को देखते हुए बेटी को वापस गुजरात जाने को कहा जिसके बाद वह दो दिन होटल का कमरा लेकर रही और फिर सोमवार की देर रात वापस जाने के लिए स्टेशन पहुंच चुकी थी। इसी बीच पता चला कि उनके पिता और बहन ने विषाक्त पदार्थ खा लिया है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.20C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 30 दिसम्बर, मंगलवार, 2025(3)


छाया : जनमुख डेस्क


जनमुख डेस्क

चाइनीज मंझे के विरोध में गिरजाघर पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

# नववर्ष अभिनंदन की तैयारी

## मंदिरों में विशेष श्रृंगार, भंडारा, गंगा तट पर जलेंगे दीप



● कालभैरव, मणि मंदिर, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, अन्नपूर्णा, बड़ा गणेश, विशालाक्षी मंदिर और घाटों पर श्रद्धा व आस्था का मचेगा धमाल

**वाराणसी।** नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए शिव की नगरी काशी में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन, भोग और श्रृंगार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कालभैरव, मणि मंदिर, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, अन्नपूर्णा, बड़ा गणेश, मां विशालाक्षी देवी मंदिर और गंगा घाटों पर श्रद्धा, आस्था और उत्सव का अद्भुत संगम नजर आएगा। नववर्ष की पूर्व संध्या से पहले ही काशी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। नए साल के लिए शहर के मंदिरों को को फूलों, दीपों और विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर संकटमोचन हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन होगा। हनुमान जी को नववर्ष पर लड्डू और पान का भोग लगेगा। दुर्गाकुंड मंदिर में नववर्ष पर मां दुर्गा का विशेष पूजन और आरती होगी। वहीं नववर्ष की शाम गंगा घाटों पर विशेष दीप सज्जा और भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट और राजेंद्र प्रसाद घाट पर दीपों से घाट जगमगाएंगे। गंगा सेवा निधि, गंगोत्री सेवा समिति की ओर से नववर्ष की संध्या पर विशेष गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। गंगा आरती देखने के लिए देश–विदेश से आए पर्यटक भी घाटों पर पहुंचेंगे। घाटों पर नाव संचालन को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
MAKE IN INDIA
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम्, विश्वसनीय एवं टिकाऊ प्लास्टिक उत्पाद



पानी की टंकियाँ / बायो सेप्टिक टैंक / ठोस प्लास्टिक में चौखट व पल्लो के निर्माता
जैन एजेन्सीज मलदहीया,वाराणसी 8887458519 9451225396

## तीन बहनों ने जीता ब्लैक बेल्ट


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में हुई कलर बेल्ट एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में 30 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। मुख्य परीक्षक एमेच्योर किक बॉक्सिंग इंडिया संघ के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव रहे। साथ में तकनीकी निदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संतोष कुमार राय की देखरेख में परीक्षा हुई। परीक्षा का हैरतअंगेज पहलू यह रहा कि खालिद अंसारी की तीनों बेटियों, नायला सुरूर, मरजान एवं यूसरा ने अपने प्रदर्शन से ब्लैक बेल्ट हासिल कर एक मिसाल कायम की। ये तीनों सगी बहनें पिछले तीन वर्षों से निरंतर प्रशिक्षण ले रही हैं।

## खादी उत्सव का समापन, 10 दिनों में 2.23 करोड़ रु. की बिक्री

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा अर्बन हॉट प्रांगण चौकाघाट में आयोजित खादी एवं ग्रामोद्योग तथा एक जनपद एक उत्पाद उत्सव 'मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी' (20 से 29 दिसम्बर तक) का सोमवार को विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र राय द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार दस दिवसीय मेले में 2.23 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। 20 से 29 दिसम्बर तक आयोजित 10 दिवसीय खादी मेले के द्वारा खादी के उत्पादों, स्थानीय हस्तशिल्प व खादी विचार धारा का प्रचार–प्रसार किया गया। प्रदर्शनी में लगे 125 स्टाल लगाए गए थे। प्रत्येक दिन सायंकाल आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकगीत, भजन, कवि सम्मेलन अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के विचारों, मूल्यों उद्देश्यों का प्रचार–प्रसार किया गया।


जनमुख डेस्क

## जनवरी में गंगा स्नान के चार अवसर

● पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी

**वाराणसी।** इस बार जनवरी में हिंदू श्रद्धालुओं के लिए पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के पवित्र स्नानों का अवसर मिलेगा। पौष पूर्णिमा का स्नान तीन जनवरी को, मकर संक्रांति का 15 जनवरी को, मौनी अमावस्या का 17 जनवरी को और वसंत पंचमी का स्नान 23 जनवरी को होगा। पुराणों में इन धार्मिक और आध्यात्मिक स्नानों का विशेष महत्व बताया गया है।

## प्रधान ने किया गांव का भ्रमण सुनीं समस्याएं, दिया आश्वासन


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनिया विधानसभा के ग्राम सभा मड़ांव में ग्राम प्रधान प्रकाश कुमार ने गांव का भ्रमण कर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके यथा शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। गांव के अधिकांश लोगों ने बुनियादी समस्याओं को प्रधान के समक्ष रखा। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रधान ने आश्वास्त किया कि ज़ल्द ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान के साथ नंदन, छेदीलाल, फौजी आदि उपस्थित रहे।

## विश्व कल्याण के लिए श्रीमद्भागवत कथा

● लगा छप्पन भोग, रुक्मणी विवाह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन


जनमुख डेस्क

**वाराणसी। (जनमुख डेस्क)।** माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सभी विश्व कल्याण हेतू श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ से पं. संजय शास्त्री (प्रधान अर्चक श्री श्याम मंदिर) द्वारा कथामृत का आस्वादन 24 दिसंबर को प्रथम दिन शोभा यात्रा के पश्चात श्रीमद् भागवत आज आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जजमान श्यामसुंदर व सोहनीदेवी कचोलिया हैं। आज छप्पन भोग रुक्मणी विवाह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के प्रचारमंत्री गौरव राठी ने बताया कि आयोजन समय अपराह 2.30 से 5.30 बजे स्थल माहेश्वरी भवन-महमूरगंज मैं आयोजित है। अध्यक्ष कविता मारू, मंत्री कुमुद चाण्डक, तनु चांडक, सुनीता राठी, संगीता सोनी, संतोष शारडा, मधु मल, किशोर मुंद्डा, अनिल झवर, लोकेंद्र करवा, लाल चांडक, मधु राठी, अलका बाहेती, शशि राठी, सुधा डागा, मंजू झवर, सुषमा कोठारी वीणा मुंद्डा सरिता दमानी मुख्य रूप से शामिल थे।

## सनातन संस्कार पाठशाला में धनुर्विद्या, मार्शल आर्ट सहित सनातन संस्कारों का शास्त्रसम्मत प्रशिक्षण


जनमुख डेस्क

● बालाजी पैलेस में पांच दिवसीय संस्कारात्मक शिविर व प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वृन्दावन से काशी विश्वनाथ की पावन नगरी में श्रीराम कथा के लिए आए भागवतकिंकर वैदिकपथिक अनुराग कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य तथा संजय लोहिया की सहभागिता में सनातन संस्कार पाठशाला का उद्देश्यपूर्ण आयोजन महमूरगंज स्थित बालाजी पैलेस में 25 से 29 दिसम्बर तक उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस पाँच दिवसीय संस्कारात्मक शिविर में देश के विभिन्न राज्यों एवं नगरों से पधारे बालक-बालिकाओं को धनुर्विद्या, मार्शल आर्ट, इंद्रजाल, प्रज्ञोदय, न्यूमरोलॉजी, योग, ध्यान एवं जीवनोपयोगी सनातन संस्कारों का समन्वित एवं शास्त्रसम्मत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सनातन संस्कार पाठशाला को वर्तमान समय की एक अत्यावश्यक एवं दूरदर्शी पहल बताते हुए इसके निरंतर आयोजन एवं विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया।

## मोकलपुर में ग्रामीणों का आरोप, गांव में नहीं होती सफाई

**वाराणसी।** चिरईगांव विकास खंड की मोकलपुर ग्राम सभा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गाँव में तैनात सफाईकर्मी केवल कागजों और फोटो तक ही सीमित हैं, जिससे स्वच्छता अभियान प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मियों का कोई निश्चित समय नहीं है। वे अक्सर सुबह 11 से 12 बजे के बीच गांव पहुंचते हैं और दोप्हर 1 बजे तक वापस चले जाते हैं। इस दौरान वे सफाई करने के बजाय कुछ चुनिंदा जगहों पर खड़े होकर फोटो खिंचवाते हैं, ताकि अपनी हाजिरी सुनिश्चित कर सकें। गाँव के पंचायत सहायक सुनील सहित पप्पू निषाद, पिंटू निषाद, बीरेंद्र और रघुनाथ जैसे अन्य ग्रामीणों ने इस स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया है।


# दालमंडी में 5 जनवरी के बाद फिर शुरू होगा ध्वस्तीकरण

● मकान खाली करने के लिए दी गयी एक सप्ताह की मोहलत


जनमुख डेस्क

**वाराणसी।** वाराणसी की दालमंडी गली का चौड़ीकरण सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद वाराणसी प्रशासन मिशन मोड में करवा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने चौक थाने में चिह्नित 186 मकानों की रजिस्ट्री से संबंधित कैंप लगा रखा है। अभी तक कुल 40 लोगों ने अपनी रजिस्ट्री करवा ली है। नवंबर में कुछ मकानों के ध्वस्तीकरण के बाद कार्रवाई रुक गई थी। लेकिन 5 जनवरी के बाद से एक बार फिर दालमंडी गली में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होगी। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने दालमंडी में मुनादी करवाई है। जिसमें रजिस्ट्री करवा चुके लोगों को एक सप्ताह के अंदर मकान खाली करने को कहा गया है।

## अवसाद के चलते फंदे से लटक गया युवक!



**वाराणसी।** वाराणसी जिले के भेलुपुर थाना क्षेत्र के दाहचौक इलाके में एक युवक ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की मामले की पूरी जानकारी ली। मूल रूप से सोनबरसा थाना हरसिद्धि जिला मोतिहारी बिहार का रहने वाला शनि कुमार चौबे (20) महीने भर पहले काम के सिलसिले में अपने चचेरे भाई के पास आया था। दाहचौक इलाके में किराए के कमरे में दोनों रहते थे। शनि कुमार चौबे ने सोमवार की देर रात अवसाद में आकर फंदे से लटककर जान दे दी। देर रात चचेरा भाई राहुल कुमार चौबे घर लौटा तो कमरे में फंदे से लटकते हुए शनि को देखकर उसके होश उड़ गए। आनन-फानन उसके फंदे से उतार कर शनि को सीपीआर दिया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## चाइनीज मंझे के विरोध में कांग्रेसी नेता ने किया जनसम्पर्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कांग्रेस नेता प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में आज मंगलवार को चाइनीन मंझे के विरोध में गिरजा घर चौराहे के आस पास जनसम्पर्क कर इसके बहिष्कार की अपील की गयी। बच्चों को पतंग परेता और भारतीय मंझे का वितरण किया गया। बच्चों को संकल्प कराया गया कि चाइीज मंझे का प्रयोग न कर के परम्परागत भारतीय मंझे से पतंग उड़ाने का आनन्द लें।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544

# गीता भारतीय संस्कृति और दर्शन की आत्मा

● भारतीय शिक्षा मंदिर, में गीता पाठ प्रतियोगिता




जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महामना महोत्सव 2025 के अंतर्गत सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा 29 दिसंबर सोमवार को भारतीय शिक्षा मंदिर, कैंट, में गीता पाठ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में श्रीमद्भगवद्गीता के शाश्वत संदेशों, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना था। कार्यक्रम में डॉ. चारुचंद्र राम त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, (भारतीय शिक्षा मंदिर) ने गीता के जीवनोपयोगी संदेशों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. शरदिन्दु त्रिपाठी, समन्वयक, (भारत अध्ययन केन्द्र, बीएचयू) ने कहा कि गीता भारतीय संस्कृति और दर्शन की आत्मा है, जो आज के युवाओं को सही दिशा प्रदान करती है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन संस्कृत विभाग, बीएचयू की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिद्धिदात्री भारद्वाज एवं डॉ. प्रीति वर्मा तथा अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय इंटर कॉलेज, चौखम्बा के सहायक अध्यापक अवनीश कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवाज्ञ संस्थानम् के संयोजक डॉ. हरेंद्र कुमार राय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महामना महोत्सव 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 8 जनवरी 2026 को स्वतंत्रता भवन काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया है।

## गोरखपुर समाचार

### ठग ने गोरखपुर नगर आयुक्त का बनाया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट



**गोरखपुर।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल का फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर रुपये मांगने का मामला सामने आया है। ठग ने आईडी पर नगर आयुक्त की फोटो भी लगाई है। मामला सामने आने के बाद नगर आयुक्त ने कर्मचारियों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही पुलिस को भी सूचना दे दी है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम के एक कर्मचारी के पास एक नंबर से मैसेज आया। इस पर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की फोटो लगी थी। फ्रॉड ने लिखा कि 'हेलो आप कैसे हैं और इस समय कहां हैं?' इस पर कर्मचारी ने जवाब दिया कि मैसेज देरी से देखने के लिए माफी चाहता हूं सर। क्या आदेश है बताएं। इसके बाद ठग ने कहा कि 'मुझे आपसे एक जरूरी काम करवाना है, इसे तत्काल करें।'

ठग ने कहा कि 'आपसे अनुरोध है कि मेरी ओर से किसी एग्जीक्यूटिव प्रॉस्पेक्ट्स अकाउंट में कुछ राशि जमा कर दें, क्योंकि इस समय मुझे अपनी ऑनलाइन बैंकिंग में समस्या आ रही है। मैं बाद में आपको वह राशि वापस कर दूंगा। कृपया बताइए कि क्या यह संभव है, ताकि मैं यहां अकाउंट की जानकारी साझा कर सकूं।''

## चंदौली समाचार

### बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का टर्मिनल बदला, अब बनारस से चलेगी

**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रेलवे प्रशासन ने राजगीर और वाराणसी के बीच चलने वाली बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 14223/14224) का टर्मिनल बदलने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि परिचालन में सुगमता लाने के उद्देश्य से यह बदलाव किया जा रहा है। 8 मार्च, 2026 से यह ट्रेन वाराणसी के बजाय बनारस स्टेशन से नए नंबर के साथ संचालित होगी। टर्मिनल परिवर्तन के बाद, 8 मार्च, 2026 से गाड़ी संख्या 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 15138 हो जाएगा। यह ट्रेन अब बनारस-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी।

## भदोही समाचार

### महेंद्र बिंद भदोही तहसील बार के अध्यक्ष, विनोद संयुक्त सचिव निर्वाचित



**सरोंई।** भदोही तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। शाम पांच बजे मतगणना के बाद विजेताओं के नाम की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर महेंद्र कुमार बिंद और संयुक्त सचिव पर विनोद कुमार चौरसिया निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर एक प्रत्याशी होने से निर्विरोध हो गए।

भदोही तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी होने से चुनाव हुआ। सोमवार को सुबह नौ बजे भदोही तहसील परिसर में बने दो बूथों पर सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ। निर्धारित समय दोपहर तीन बजकर 30 मिनट तक 324 में 308 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। चार बजे के बाद मतगणना शुरू हुई। इसमें महेंद्र कुमार बिंद अध्यक्ष पद निर्वाचित हुए। महेंद्र को कुल 164 प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रसन्न कुमार मिश्रा को 142 मत मिले। 22 मत से उन्होंने करीबी को हराया।

संयुक्त मंत्री पद पर विनोद कुमार चौरसिया को कुल 205 और चंद्रेश राय को 74 मत मिले। विनोद कुमार 131 मतों से जीत दर्ज किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर यादव ने बताया कि शेष अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है।

## मऊ समाचार

### कोहरे के कारण हादसे रोकने के लिए संयुक्त टीम बनी

**मऊ।** कोहरे के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए संयुक्त बनाई गई है। पुलिस, पीडब्लूडी, नगर निकाय की टीम यातायात नियमों के पालन के लिए लिए जागरूक कर रही है। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के अतरारी चुंगी पुल के पास कोहरे के चलते दो ट्रकों की टक्कर बीते 27 दिसंबर की सुबह हो गई थी। इससे लंबा जाम लग गया था। कोपागंज थाना क्षेत्र के रेवरीडीह ओवरब्रिज और बख्तारगंज पुल और सरायलंखसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआगोदाम में कोहरे के चलते हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद प्रशासन अलर्ट है। डीएम ने पुलिस, पीडब्लूडी, नगर निकाय की संयुक्त टीम बनाकर सड़क हादसों को रोकने के लिए जागरूकता के निर्देश दिए हैं।

## जौनपुर समाचार

### प्रयागराज के लिए जौनुपर से हर 10 मिनट पर चलेगी बस



**जौनपुर।** संगम नगरी में लगने वाले माघ मेले तक स्नानार्थियों को सकुशल पहुंचाने के लिए परिवहन निगम तैयारी में जुट गया है। माघ मेले के दौरान जौनपुर डिपो से प्रयागराज के लिए हर 10 मिनट पर बसें रवाना की जाएंगी। अलग-अलग जगहों से कुल 200 बसों का संचालन किया जाएगा। जौनपुर डिपो में निगम और अनुबंधित मिलाकर कुल 105 बसों का बेड़ा है। तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले को देखते श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 200 बसों का तीन चरणों में संचालन किया जाएगा, जिसकी तैयारी डिपो की ओर से की जा रही है। इन बसों की तकनीकी खामियों को दूर करने में वर्कशॉप के कर्मचारी जुट गए हैं। जरूरत पड़ने पर और बसें भी लगाई जाएंगी। एक जनवरी से 13 जनवरी तक पहले चरण में झूंसी तक 65 बसें चलाई जाएंगी। इनमें जौनपुर से 15, मछलीशहर से 20, सुजानगंज से 15, बदलापुर से 10 और जौनपुर वाया भदोही पांच बसें शामिल हैं। दूसरे चरण में 14 जनवरी से 24 जनवरी तक माघ मेले के लिए झूंसी तक 70 बसें चलाई जाएंगी। इनमें जौनपुर से पांच, मछलीशहर से 20, सुजानगंज से 25, बदलापुर से 10 और जौनपुर से भदोही और ज्ञानपुर होते हुए झूंसी तक पांच-पांच बसें चलाई जाएंगी। तृतीय चरण में भी झूंसी तक 31 जनवरी से 16 फरवरी तक 65 बसें चलाई जाएंगी।

## गाजीपुर समाचार

### नए साल के जश्न पर नजर, हुड़दंग किया तो होगी सख्त कार्रवाई

**गाजीपुर।** नए साल के जश्न में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। इसके लिए पुलिस ने कमर कस ली है। सार्वजनिक स्थलों से लेकर होटल, रेस्तरां और हाईवे किनारे स्थित ढाबों तक पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। जोश में होश खोकर हुड़दंग करते पाए गए लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए संभावित भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर विशेष गश्त की योजना बनाई गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि 31 दिसंबर की रात यानी थर्टी फर्स्ट पर शहर से लेकर हाईवे तक सभी प्रमुख ढाबों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल की तैनात रहेगी। किसी भी तरह की अशोभनीय हरकत या नशे में हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए है कि नए साल के मौके पर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का उत्पात न होने पाए।

## सुल्तानपुर समाचार

### ट्रांसफार्मरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर बिजली चोरों को देंगे झटका



**सुल्तानपुर।** घरों के साथ ही जिले भर में लगे ट्रांसफार्मरों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इससे गांव व मोहल्लों की बिजली खपत का पता आसानी से लगाया जा सकेगा।

क्षेत्र में क्षमता से अधिक बिजली उपयोग होने पर ट्रांसफार्मर के स्मार्ट मीटर में भार अंकित हो जाएगा। इससे बिजली चोरी पकड़ में आ जाएगी। अब तक जिले के 1300 ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। जिस ट्रांसफार्मर में मीटर लगेगा, उससे जितने उपभोक्ताओं के घर बिजली आपूर्ति होगी, वह अंकित रहेगी। कभी भी जब इस पर क्षमता से अधिक लोड पड़ने लगेगा, तो वह भार भी अंकित हो जाएगा। इससे विभाग में बगैर लोड बढ़वाए बिजली का उपभोग करने पर ट्रांसफार्मर में लगे मीटर से पता चल जाएगा। इसके बाद विद्युत निगम के कर्मी उस क्षेत्र में जाकर उपभोक्ताओं के घरों में लोड चेक करेंगे। अधिशासी अभियंता विद्युत परीक्षण खंड आरएस वर्मा ने बताया कि गांव से लेकर शहर में छोटे व बड़े ट्रांसफार्मरों पर मीटर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है, जल्द ही यह कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। विद्युत निगम की ओर से बिजली उपभोग की सटीक जानकारी जुटाने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत निगम के कर्मियों के आवासों पर भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिले में अब तक 179 विद्युत कर्मियों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि इन कर्मियों से बिजली बिल की वसूली नहीं की जाएगी, लेकिन उनके आवासों में होने वाले बिजली उपभोग का पूरा आकलन किया जा सकेगा। इस योजना के दायरे में लाइनमैन से लेकर अधीक्षण अभियंता तक के आवास शामिल किए गए हैं। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मियों के घरों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

## देवरिया समाचार

### मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

**सलेमपुर।** पंचायत चुनाव के लिए प्रकाशित मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने जीवित मतदाताओं के नाम साजिश के तहत विलोपित किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कहीं मृत मतदाताओं के नाम सूची में बने हुए हैं तो वहीं जीवित लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। इस मामले को लेकर दिव्यांग एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय व निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर पत्रक सौंपा। उन्होंने मतदाता सूची में तत्काल सुधार कराने और लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राकेश सिंह ने बताया कि विकास खंड के बड़हरा ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में जीवित 94 मतदाताओं के नाम विलोपित कर दिए गए हैं, जबकि कई विवाहित युवतियों और मृतकों के नाम सूची में अब भी दर्ज हैं।

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक, राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, सी0एम0 डैशबोर्ड में रैंकिंग में कमी व धान खरीद में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने डिप्टी आर0एम0ओ0 को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद हेतु कृषक बन्धुओं को धान क्रय केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि रिटायरमेन्ट कर्मचारियों के देयक का भुगतान समय से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें। बैठक में जिलाधिकारी ने मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें।

## बलिया समाचार

### गुरुग्राम में सड़क हादसे में इटही निवासी की मौत

**सिकन्दरपुर।** हरियाणा के गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत थाना क्षेत्र के ग्राम इटही निवासी 48 वर्षीय धीरेन्द्र यादव की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सोमवार को शव गांव पहुंचा। ग्राम इटही निवासी धीरेन्द्र यादव गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत थे। बीते 26 दिसंबर को ड्यूटी समाप्त होने के बाद रात करीब 8:30 बजे वह साइकिल से अपने आवास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह डिवाइडर से जा टकराए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अगले दिन सुबह उनकी मौत हो गई। धीरेन्द्र यादव, शिवजन्म यादव (सेवानिवृत्त सैनिक) के पुत्र थे। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने 01 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह की तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाये जाने के तैयारियों के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लैक स्पॉट चिन्हित करते हुए हो रही घटनाओं को कम करना तथा मार्किंग लेने में मार्किंग करना। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर रिफ्लेक्टर लगाने की आवश्यकता हो वहां पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें इसके साथ ही हो रही घटनाओं को मूल्यांकन कर अवगत कराते हुए उसका निदान करायें। उन्होंने कहा कि जहाँ–जहाँ पर डिवाइडर व मोड़ बने हुए है वहां पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 01 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट से भरूहना चौराहे तक पद यात्रा निकाले जाने के सम्बन्ध में सभी तैयारियां पूर्ण कर ले। उक्त पद यात्रा जनपद के सभी जनप्रतिधि, अधिकारीगण, ट्रांसपोर्ट यूनियन व नगर के व्यापार मण्डल पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जो ज्वाइंट सड़के है वहां पर टेबल टॉप, साइनेज, ब्लींकर लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हाईवे व सड़क के किनारे वाहनों का न खड़ा करने दिया जाय उन्हें पार्किंग स्थल पर ही खड़ा किया जाय। उन्होंने एनएचआई एवं उप्सा को निर्देशित करते हुए कहा कि समय–समय पर पेट्रोलिंग करते रहे यदि कोई भी वाहन खड़ा होता है तो उसे तत्काल क्रेन के माध्यम से हटाया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे व सड़क के किनारे जो भी ट्रामा सेण्टर है उसकी सूची बनाते हुए पुलिस विभाग व आरटीओ को उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में यदि कोई व्यक्ति दुर्घटनारहित व्यक्ति को नजदीकी सेण्टर में पहुंचा सके।

## आजमगढ़ समाचार

### कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहा था ट्रैफिक सिपाही, दम घुटने से हुई मौत



**आजमगढ़।** प्रचंड ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहे ट्रैफिक सिपाही रंजीत मौर्य की दम घुटने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर कमरे का दरवाजा तोड़कर पुलिस पहुंची तो सिपाही मृत पड़ा था। मौके पर फॉरेंसिक टीम व पुलिस ने पहुंचकर छानबीन शुरू की। बलिया जिले का रंजीत मौर्य वर्ष 2018 में भर्ती हुआ था। वह वर्तमान में आजमगढ़ में ट्रैफिक सिपाही के रूप में नियुक्त था। रविवार की रात वह ड्यूटी करने के बाद कोलघाट स्थित अभय श्रीवास्तव के मकान में अपने किराए के कमरे में पहुंचा। रात में ठंड से बचाव के लिए कोयले की अंगीठी जलाकर सो गया। इस दौरान दम घुटने से सिपाही की मौत हो गई। सोमवार की सुबह काफी देर तक उसका कमरा जब नहीं खुला तो बगल के लोगों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो सिपाही अचेतावस्था में पड़ा था। सूचना पर फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई और जांच में जुट गई। सीओ शुभम तोदी ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई। प्रथम दृष्टया दम घुटने से मौत हुई प्रतीत हो रही है।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज में नहर के पास युवक का शव मिला



**प्रयागराज।** सोरांव इलाके में नहर की पटरी के पास एक युवक का शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या की गई है। मंगलवार सुबह पसियापुर गांव स्थित नहर के किनारे राहगीरों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान मऊआइमा थाना क्षेत्र के कस्बा (स्टेशन रोड) के रहने वाले अतुल कुमार सरोज (20) पुत्र गुलाब सरोज के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि अतुल सोमवार शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह नहर की पटरी के पास अतुल का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अतुल दो भाइयों में सबसे छोटा था और दो बहनों से बड़ा था। एसीपी सोरांव श्यामजीत प्रमिला सिंह ने बताया कि युवक का शव बरामद हुआ है। फिलहाल शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### माघ मेले के लिए यूपी रोडवेज चलाएगा 3800 बसें


**प्रयागराज।** माघ मेले के स्नान पर्वों पर यूपी रोडवेज ने तैयार कर ली है। इस बार कुल 3800 बसें संचालित की जाएंगी। जिसमें झूंसी से सबसे ज्यादा 2250 बसें चलेंगी। पूर्वांचल के शहरों से भारी भीड़ की उम्मीद के चलते झूंसी से गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, जौनपुर और अंबेडकरनगर के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगी। इस रूट पर 100 बसें रिजर्व भी रखी गई हैं। झूंसी के बाद लेप्रोसी मिशन बस स्टेशन से 505 बसें बांदा, चित्रकूट, रीवा, सीधी, विंध्याचल और मिर्जापुर आदि के लिए रवाना होंगी। यहां 20 बसें रिजर्व में होंगी। वहीं, विद्या वाहिनी मैदान और बेला कछार से 435 बसें लखनऊ, रायबरेली, ऊंचाहार, बस्ती, अयोध्या, प्रतापगढ़ व सुल्तानपुर के लिए चलेंगी। साथ ही 50 बसें रिजर्व रहेंगी। कानपुर, कौशांबी और दिल्ली मार्ग पर नेहरू पार्क अस्थायी बस स्टेशन व विद्या वाहिनी से 410 बसें संचालित होंगी।

## लाइफ मंत्र

### क्यों गजेंद्र मोक्ष को मोक्ष का द्वार कहा जाता है? जानिए भगवान विष्णु और गजेंद्र की अद्भुत कथा

हिंदू धर्मग्रंथों में भगवान विष्णु की कृपा और भक्तवत्सलता की अनेक अद्भुत कथाएं वर्णित हैं, लेकिन गजेन्द्र मोक्ष की कथा सबसे करुण और प्रेरणादायक मानी जाती है। यह कहानी एक ऐसे भक्त की है, जो संकट में पड़कर पूरे मन से भगवान विष्णु का स्मरण करता है और प्रभु स्वयं उसकी रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं। गजेन्द्र मोक्ष केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि सच्ची भक्ति के आगे कोई भी संकट टिक नहीं सकता। इसी प्रसंग से जुड़ी है गजेंद्र स्तुति, जिसका पाठ अत्यंत शक्तिशाली माना गया है।

मान्यता है कि गजेंद्र स्तुति का श्रद्धा से पाठ करने से बड़े से बड़ा संकट भी टल जाता है और जीवन में शांति व विश्वास का संचार होता है। क्या आप जानते हैं कि आखिर गजेंद्र मोक्ष कथा कैसे उत्पन्न हुई और इसकी इतनी महिमा क्यों है। तो आइए जानते हैं इनकी कथा और महिमा के बारे में-



पौराणिक कथा के अनुसार गजेंद्र नामक एक विशाल हाथी वरुण देव द्वारा रचित ऋतुमत नाम के उपवन में निवास करता था। वह अत्यंत धर्मपरायण था और प्रतिदिन भगवान विष्णु की आराधना के लिए कमल पुष्प अर्पित किया करता था। एक दिन वह पूजा हेतु कमल तोड़ने के लिए समीप स्थित सरोवर में उतरा। तभी अचानक जल में छिपे एक शक्तिशाली मगरमच्छ ने उसके पैर को जकड़ लिया। गजेंद्र ने स्वयं को छुड़ाने के लिए भरसक प्रयास किए। उसके साथियों ने भी उसे बचाने की कोशिश की, किंतु मगरमच्छ की पकड़ इतनी मजबूत थी कि कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सका। समय बीतने के साथ गजेंद्र की शक्ति क्षीण होने लगी। जब उसे यह आभास हुआ कि जीवन की अंतिम घड़ी समीप है, तब उसके झुंड ने भी उसे असहाय छोड़ दिया। अत्यंत पीड़ा और विवशता की अवस्था में गजेंद्र ने अंततः भगवान विष्णु का स्मरण किया। उसने अपनी सूंड में एक कमल धारण कर आकाश की ओर उठाया और प्रभु से रक्षा की प्रार्थना की। अपने भक्त की करुण पुकार सुनकर भगवान विष्णु तत्काल वैकुंठ से प्रकट हुए। जैसे ही गजेंद्र ने प्रभु के दर्शन किए, उसने श्रद्धा भाव से कमल अर्पित किया। भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का अंत कर दिया और गजेंद्र को मुक्त किया। प्रभु के चरणों में नतमस्तक होकर गजेंद्र ने कृतज्ञता प्रकट की। तब भगवान विष्णु ने उसे उसके पूर्व जन्म का रहस्य बताया। वे पूर्व जन्म में पांड्य देश का राजा इंद्रद्युम्न था, जो विष्णु जी का परम भक्त था। किंतु एक बार ऋषि अगस्त्य के प्रति अनजाने में हुए अपमान के कारण उसे हाथी योनि में जन्म लेने का श्राप मिला। हालांकि उसकी गहन भक्ति के कारण देवताओं की कृपा से उसे गजेंद्र के रूप में जन्म मिला, ताकि अंततः वह प्रभु की शरण में आकर मोक्ष प्राप्त कर सके। इस प्रकार भगवान विष्णु की कृपा से गजेंद्र को जीवन-मरण के बंधन से मुक्ति प्राप्त हुई और यह कथा भक्त और भगवान के अटूट संबंध का प्रतीक बन गई।

**गजेंद्र स्तुति की महिमा**

मगरमच्छ के प्राणघातक संकट से स्वयं को बचाने के लिए गजेंद्र ने जो करुण पुकार भगवान विष्णु के समक्ष की थी, वही आगे चलकर विष्णु की स्तुति का एक अत्यंत प्रसिद्ध स्तोत्र बन गई, जिसे गजेंद्र स्तुति के नाम से जाना जाता है। समय के साथ इस स्तुति को विष्णु सहस्रनाम की परंपरा में प्रारंभिक और विशेष महत्व वाले स्रोत के रूप में स्थान मिला।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुरुवार के दिन गजेंद्र मोक्ष स्तोत्र का नियमित पाठ करने से जीवन में भाग्य का साथ मिलता है और रुके हुए कार्यों में सफलता के योग बनते हैं। वहीं एकादशी तिथि पर इस स्तोत्र के जप को विशेष फलदायी माना गया है, जिससे साधक को अपनी इच्छाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके अलावा कहा जाता है कि सत्यनारायण भगवान की कथा और पूजा संपन्न करने के पश्चात गजेंद्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ अवश्य करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से व्यक्ति पर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है और साथ ही माता लक्ष्मी की अनुकंपा से घर में सुख, समृद्धि और वैभव का वास होता है।

## स्मार्टफोन का Type-C पोर्ट है मल्टीटास्किंग मास्टर, जानें ये 5 सीक्रेट फीचर्स जो बदल देंगे आपका अनुभव



USB Type-C सिर्फ चार्जिंग के लिए नहीं, बल्कि रिवर्स चार्जिंग से फोन को पावर बैंक बनाने, बिना इंटरनेट तेज डेटा ट्रांसफर करने, कीबोर्ड-माउस जोड़कर फोन को मिनी कंप्यूटर की तरह इस्तेमाल करने, HDMI केबल से फोन को बड़ी स्क्रीन से कनेक्ट कर फिल्में देखने और टाइप-सी ईयरबड्स से बेहतर ऑडियो क्वालिटी पाने जैसे कई कमाल के फीचर्स देता है, जिन्हें अक्सर लोग नहीं जानते। यह पोर्ट विभिन्न एक्सटर्नल डिवाइस को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन की उपयोगिता कई गुना बढ़ जाती है। अक्सर लोग फोन के नीचे बने छोटे से Type-C पोर्ट को सिर्फ बैटरी चार्ज करने का जारिया मानते हैं। फोन चार्जिंग पर लगाया, चार्ज के बाद फोन को निकाल दिया। लेकिन आप नहीं जानते इसकी कहानी यहीं खत्म नहीं होती। सच बताएं तो यह है पोर्ट कई ऐसे काम कर सकता है, जिनके लिए पहले अलग-अलग केबल, पोर्ट या एक्स्ट्रा डिवाइस की जरूरत पड़ती थी। इसके फीचर्स न तो महंगे एक्सेसरीज में छिपे हैं और न ही किसी मुश्किल सेटिंग के पीछे, बस आपको पता होने चाहिए फोन के Type-C पोर्ट के 5 बेहतरीन फीचर्स के बारे में-

**फोन बन सकता है पावर बैंक**

क्या आपको पता हैं कि आप अपने आधुनिक स्मार्टफोन Type-C पोर्ट के जरिए रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट कर सकते हैं। इसके लिए आपको Type-C to Type-C केबल से आप वायरलेस ईयरबड्स, फिटनेस बैंड या किसी दूसरे फोन को इमरजेंसी में थोड़ी देर के लिए चार्ज कर सकते हैं। मुश्किल समय के लिए यह फीचर बेहद काम का है।

**बिना इंटरनेट फास्ट डेटा ट्रांसफर**

वैसे को Quick Share या AirDrop जैसे वायरलेस ऑप्शन सुविधाजनक हैं, लेकिन बड़े वीडियो या फाइल ट्रांसफर में समय ज्यादा लग जाता है। अब आप Type-C पोर्ट से दो फोन को सीधे केबल से जोड़कर डेटा ट्रांसफर कर सकते हैं। बिना इंटरनेट के एक फोन दूसरे की स्टोरेज को एक्सेस कर लेता है, इससे फाइलें तेज और भरोसमंद तरीके से कॉपी होती हैं। ज्यादा MB वाली फाइल्स के लिए यह सबसे तेज तरीका है।

**फोन को बना सकते हैं मिनी कंप्यूटर**

अब आप Type-C पोर्ट की मदद से फोन में एक्सटर्नल डिवाइस जोड़ी जा सकती हैं। USB या ब्लूटूथ डोंगल के जरिए कीबोर्ड और माउस कनेक्ट किए जा सकते हैं। इसके अलावा, लंबे ईमेल लिखने, डॉक्यूमेंट एडिट करने या स्क्रीन खराब होने की स्थिति में माउस से फोन चलाने में यह सेटअप बेहद उपयोगी साबित होता है। इतना ही नहीं, कुछ स्मार्टफोन एक्सटर्नल डिस्प्ले से जुड़ने पर डेस्कटॉप जैसा इंटरफेस भी देते हैं।

**बड़ी स्क्रीन पर देखें फिल्में और सीरीज**

Type-C पोर्ट की मदद से वीडियो आउटपुट को भी सपोर्ट करता है। इसके लिए आपको HDMI to Type-C केबल से फोन को सीधे टीवी या मॉनिटर से जोड़ सकते हैं। इससे फोन की स्क्रीन मिरर हो जाती है और डाउनलोड की गई फिल्में या सीरीज बिना किसी कास्टिंग और एप के बड़ी स्क्रीन पर आसानी से देख सकते हैं।

**वायर्ड ईयरबड्स से बेहतर ऑडियो**

वैसे तो फोन से 3.5mm हेडफोन जैक अब गायब हो चुके हैं, लेकिन वायर्ड ऑडियो पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अब आप Type-C पोर्ट की मदद से म्यूजिक का शानदार मजा ले सकते हैं। Type-C ईयरबड्स या Type-C to 3.5mm एडॉप्टर से वायर्ड ऑडियो सुना जा सकता है।



## ठंड में रूम हीटर से जानलेवा खतरा! इन 5 सेफ्टी फीचर्स से बचाएं परिवार को, जानें क्यों हैं जरूरी

**कड़ाके की ठंड में रूम हीटर खरीदते समय सुरक्षा सर्वोपरि है, ऑटो कट, ओवरहीट प्रोटेक्शन और टिप-ओवर सेफ्टी जैसे फीचर्स गंभीर हादसों से बचाते हैं, जिससे परिवार की जान सुरक्षित रहती है। कमरे के आकार के अनुसार सही पावर वाला हीटर चुनना, मजबूत बॉडी और घ्एृ मार्क की जांच ऊर्जा दक्षता और बिजली के झटके जैसी दुर्घटनाओं का खतरा कम करती है। सुरक्षित हीटर इस्तेमाल के लिए वेंटिलेशन, ज्वलनशील वस्तुओं से दूरी और बच्चों-पालतू जानवरों को दूर रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

इस समये पूरे भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जब ठंड बढ़ती है, तो रूम हीटर की मांग भी काफी तेज हो जाती है। सर्दी के सितम से बचने के लिए लोग दिन-रात हीटर चलाते हैं। ठंड से बचने के लिए हीटर का प्रयोग जरुर करें लेकिन थोड़ी भी चूक गंभीर हादसे में बदल सकती हैं। अक्सर देश भर में कई मामले आए हैं, जब रुम हीटर के कारण बेहोशी, आग लगने और कंरट लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि अधिकत्तर हादसे खराब क्वॉलिटी या बिना सेफ्टी फीचर्स वाले हीटर से होते हैं।

**सही हीटर का चूज करना**

इस समय भारत कई राज्यों में हाड कांपने वाली ठंड पड़ रही है। ऐसे लोग अपने घर के लिए रुम हीटर जरुर खरीद रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। रुम हीटर कमरे की हवा को अंदर खींचकर कॉइल से गर्म करता है और फिर बाहर छोड़ता है। लंबे समय तक बंद कमरे में हीटर चलाने से इस प्रक्रिया में ऑक्सीजन की मात्रा घट सकती है और हानिकारक गैसों का स्तर बढ़ जाता है। बंद कमरे में लगातार हीटर चलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का लेवल बढ़ने लगते हैं। इसी वजह से सही फीचर्स वाला हीटर खरीदना और इसका सही इस्तेमाल करना बेहद जरुरी है।

**ऑटो कट और ओवरहीट प्रोटेक्शन फीचर**

नया रूम हीटर खरीदते समय ऑटो कट फीचर जरुर चेक करें। यह फीचर हीटर के ज्यादा गर्म होते ही उसे अपने आप बंद कर देता है। जिसके चलते वायर पिघलने और आग लगने का खतरा काफी कम हो जाता है। ओवरहीट प्रोटेक्शन न होने पर हीटर लगातार गर्म रहता है, जो बड़े हादसे की वजह बन जाता है।

**टिप-ओवर सेफ्टी स्विच क्यों जरूरी है**

यदि आपके के घर में बच्चे या पालतू जानवर है, तो टिप-ओवर सेफ्टी स्विच वाला हीटर ही लें। यह फीचर हीटर के गिरते ही उसे तुरंत बंद कर देता है। अक्सर हीटर पलटने से पास रखें कपड़े या कागज जल जाते हैं, जिससे आग लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**थर्मोस्टेट कंट्रोल से बढ़ती है सुरक्षा और बचत**

अच्छे रूम हीटर में थर्मोस्टेट कंट्रोल सिस्टम होता है, जिससे आप कमरे के अनुसार तापमान तय कर सकते हैं। जब कमरा निर्धारित तापमान तक गर्म हो जाता है, तो हीटर अपने आप बंद हो जाता है या कम पावर मोड में काम करने लगता है। इससे हीटर सुरक्षित रहता है और बिजली की खपत भी कम होती है।

**रुम के अनुसार पावर चुनें**

रुम हीटर हमेशा वॉट क्षमता कमरे के साइज के अनुसार होनी चाहिए। छोटे कमरे में ज्यादा पावर वाला हीटर अत्यधिक बिजली खर्च करेगा और ऑक्सीजन की कमी का खतरा भी बढ़ाएगा। एनर्जी एफिशिएंट हीटर लंबे समय में ज्यादा सुरक्षित और किफायती साबित होते हैं।

**मजबूत बॉडी और सुरक्षित वायरिंग पर ध्यान दें**

रूम हीटर लेते समय यह सुनिश्चित करें कि उसकी बॉडी गर्मी सहन करने वाले सुरक्षित मटेरियल से बनी हो। खरीद के दौरान ISI मार्क और अच्छी क्वालिटी की वायरिंग जरूर जांचें। कम गुणवत्ता वाली प्लास्टिक बॉडी और पतले या कमजोर तार बिजली के झटके या शॉर्ट सर्किट जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा सकते हैं।

**रुम हीटर चलाते समय बरतें ये सावधानियां**

- सर्दियों में हीटर चलाते समय कमरे में थोड़ी वेंटिलेशन जरुर रखें और पूरी तरह कमरे को बंद न रखें।
- हीटर को कपड़े, कागज और लकड़ी जैसी ज्वलनशील चीजों को हमेशा दूर रखें और इसको ठोस या टाइल्स वाली जगहों पर रखें।
- हीटर से बच्चों और पालतू जानवरों को दूर रखें।
- पूरी रात हीटर बिल्कुल भी न चलाएं और कमरा गर्म होने के बाद इसे बंद कर दें।
- पुराने या रॉड वाले हीटर का इस्तेमाल करते समय नियमित जांच करें।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

## दिल्ली-एनसीआर में दम घुट रहा! Google Maps देगा रियल-टाइम AQI की जानकारी, बाहर निकलने से पहले जान लें




दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच, Google Maps अब रियल-टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) की जानकारी दे रहा है, जिससे नागरिक बाहर निकलने से पहले प्रदूषण के स्तर का पता लगा सकते हैं। यह फीचर कलर-कोडेड सिस्टम का उपयोग करता है, जहां हरा रंग अच्छी हवा और गहरा लाल रंग खराब हवा का संकेत देता है, जिससे यात्रा की योजना बनाना आसान हो जाता है।

Google Maps ऐप और डेस्कटॉप वर्जन दोनों पर उपलब्ध यह सुविधा, ठंड के मौसम में वायु प्रदूषण के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित हो रही है।

इस समय दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के तमाम शहरों में वायु प्रदूषण से स्थिति बेहद खराब है। ठंड के मौसम में उत्तर भारत के राज्यों में हमेशा वायु की गुणवत्ता प्रभावित होती रहती है। यदि आप कही बाहर ट्रिप या आउडोर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो Google Maps मैप में आप Air Quality Index (AQI) चेक कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि गूगल मैप के जरिए आप पॉल्यूशन लेवल की रियल टाइम स्थिति देख सकते हैं। बता दें कि, Google Map की ऐप और डेस्कटॉप वर्जन दोनों में AQI की जानकारी जरुर चेक करें। इस फीचर में कलर कोडेड सिस्टम है, जिसमें अलग-अलग शेड्स में एयर क्वालिटी चेक कर सकते हैं। गूगल मैप में ग्रीन कलर हेल्दी एयर क्वालिटी और डार्क रेड कलर पॉल्यूशन का संकेत बताएगा। इस ऐप से यूजर्स आसपास या बाहर की एयर क्वालिटी चेक कर सकते हैं।

**कैसे Google Maps से AQI चेक करें?**

- सबसे पहले आप फोन में इंस्टॉल Google Maps ऐप को अपडेट करें। अब AQI फीचर को एक्सेस करने के लिए आपको ऐप ओपन करनी है। फिर दाईं ओर लेयर्स का आइकन देखने को मिलेगा इस पर टैप करें।
- इसके बाद Air Quality ऑप्शन सलेक्ट करना है। इसके बाद मैप पर कलर कोड दिखने लगेगा। यदि आपकी लोकेशन पर रेड कलर दिखाई दे रहा है, तो इसका मतलब है कि एयर क्वालिटी बेहद खराब है। दूसरी ओर, ग्रीन कलर बेहतर एयर क्वालिटी को दर्शाती है। किसी भी पॉइंट पर टैप कर उस जगह की एयर क्वालिटी देख सकते हैं।

**वेबसाइट पर AQI डेटा चेक कर सकते हैं**

इसके अलावा, आप वेबसाइट पर भी लेयर्स आइकन पर टैप करके AQI डेटा चेक कर सकते हैं। सर्दियों के मौसम में क्रॉप बर्निंग और टेम्प्रेचर इनवर्जन के कारण पॉल्यूटेंट हवा में ही रह जाते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। अब आप गूगल मैप के इस दमदार फीचर के साथ बाहर निकलने से पहले वहां की एयर क्वालिटी रियल टाइन में चेक कर सकते हैं। जब आप बाहर जाए तो एक बार मास्क जरुर पहनें।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थैरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170